**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम, हापुड**

**उपस्थितः– विपिन कुमार–।। (उच्चतर न्यायिक सेवा) (UP-6070)**

UPHP010066212024

**सत्र परीक्षण सं0–1051/2024**

**सरकार बनाम सुनील**
मु0अ0सं0–234/2008
अंतर्गत धारा–398,401 भा0दं0सं0
थाना–हापुड नगर,
जनपद हापुड़।

## आरोप

मैं, विपिन कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम, हापुड एतद्द्वारा आप **सुनील पुत्र डालचन्द** को निम्नांकित आरोप से आरोपित करता हूँः–

**प्रथम–** यह कि दिनांक 13.04.2008 समय 02.30 पी0एम0 बजे स्थान यासीन कपड़े वालों की दुकान नगरपालिका रोड हापुड़ थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ में वादी मुकदमा विजय सिंह नेहरा उपनिरीक्षक एवं साथी पुलिस कर्मचारीगण द्वारा आपको घातक हथियारों से सुसज्जित होकर लूट की योजना बनाते हुए पकड़ा गया। इस प्रकार आपके द्वारा धारा 398 भा0दं0सं0 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध कारित किया गया है, जो इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

**द्वितीय–** यह कि उपरोक्त तिथि समय व स्थान पर आपके द्वारा सह अभियुक्तगण के साथ मिलकर एक घूमती फिरती टोली बनायी गयी थी। उक्त टोली डकैती करने के आशस से बनायी गयी थी। इस प्रकार आपके द्वारा धारा 401 भा0दं0सं0 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध कारित किया गया है, जो इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

अतः एतद्द्वारा आप **सुनील पुत्र डालचन्द** को निर्देश देता हूँ कि आपके उक्त आरोप का विचारण इस न्यायालय द्वारा किया जायेगा।

दिनांक 20.03.2025

(विपिन कुमार–।।)
J.O. Code (UP-6070)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम,
हापुड।

उक्त आरोप अभियुक्त को पढ़कर सुनाया व समझाया गया। अभियुक्त ने आरोपों से इंकार किया व विचारण की मांग की।

दिनांक 20.03.2025

(विपिन कुमार–।।)
J.O. Code (UP-6070)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम,
हापुड।

Digitally signed by VIPIN KUMAR
Date: 2025.03.20 16:32:55 IST
Reason: Charge
Location: ADJ-1, Hapur